(BC)

# ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
## Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

संख्या : 663 / भाविवि / विअका / 2023 / 972 / 23
दिनांक : 13 अक्टूबर, 2023

सेवा में,

**अधिशासी अभियन्ता,**
उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0,
निर्माण प्रखण्ड लखनऊ तृतीय,
5/148 विकास नगर,
लखनऊ–226028

विषयः **विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन, महिला एवं पुरूष छात्रावास में रैम्प के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–997/यू0पी0आर0एन0एस0एस0नि0प्र0ल0–III/2023–24, दिनांक 29–03–2023 (जो दिनांक 30–09–2023 को प्राप्त हुआ) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन, महिला एवं पुरूष छात्रावास में रैम्प के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत **धनराशि रू032.65 लाख** के सापेक्ष प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया था।

अवगत कराना है कि माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन दिनांक 10–10–2023 के क्रम में स्वीकृत **धनराशि रू0 32.65 लाख** के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 70 प्रतिशत धनराशि पर टी0डी0एस0 एवं जी0एस0टी0 की कटौती करते हुए धनराशि **रू0 21,94,080/– (रूपया इक्कीस लाख चौरान्नबे हजार अस्सी मात्र)** चेक संख्या–000266, दिनांक 11–10–2023 के माध्यम से आप द्वारा उपलब्ध कराये गये खाते में अग्रिम के रूप में हस्तान्तरित करा दिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| क्रम | विवरण | धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावानुसार स्वीकृत धनराशि | 32,65,000.00 |
| | भुगतान की धनराशि (70 प्रतिशत) प्रथम किश्त | 22,85,500.00 |
| | ( - ) TDS @ 2% on Rs. 22,85,500.00 | 45,710.00 |
| | ( - ) GST TDS @ 2% on Rs. 22,85,500.00 | 45,710.00 |
| | **देय धनराशि** | **21,94,080.00** |
| | | |

सूच्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 द्वारा विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन, महिला एवं पुरूष छात्रावास में रैम्प के निर्माण का कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त स्वीकृत धनराशि रू0 32.65 लाख का उपभोग प्रमाण–पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराने के पश्चात् ही अवशेष 30 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी।

कृपया उपरोक्त सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

Received 14/10/23 (Bharat Maurya)

भवदीय,

( साजिद आज़मी )
वित्त अधिकारी।

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

वित्त अधिकारी।

Bmisha
REGISTRAR
KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI LANGUAGE UNIVERSITY, LUCKNOW

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow-226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-45, Fax-0522-277404
Website:- https://kmclu.ac.in/ Email:- upuafulucknow@gmail.com

Scanned with CamScanner

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

संख्या:– 1627/भाविवि/कुसका/2023 दिनांक: 23 सितम्बर, 2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0,
निर्माण प्रखण्ड लखनऊ तृतीय, लखनऊ।

विषय: ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में प्रशासनिक भवन महिला एवं पुरूष छात्रावास में रैम्प के निर्माण कार्य का कार्यादेश।

महोदय,

कृपया आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव संख्या–690/यू0पी0आर0एन0एस0एस0नि0प्र0ल0–III/2023.24, दिनांक 31 जुलाई 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जोकि ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में प्रशासनिक भवन महिला एवं पुरूष छात्रावास में रैम्प के निर्माण कार्य के संशोधित आगणन के सम्बन्ध में है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि माननीय कुलपति महोदय द्वारा ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में प्रशासनिक भवन, महिला एवं पुरूष छात्रावास में रैम्प का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0, निर्माण प्रखण्ड लखनऊ तृतीय, लखनऊ से कराये जाने हेतु संशोधित आगणन के सापेक्ष कुल धनराशि रू0 32.65 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित विवरण एवं शर्तो के अधीन प्रदान की गयी है।

**DETAILED ESTIMATE OF REPAIR & RENOVATION WORK OF RAMP FOR KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI LANGUAGE UNIVERSITY**
**FORM 'J'**

| S.N. | DESCRIPTION OF ITEM | | | AMOUNT (IN LACS) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | COST OF WORK | | | 26.27 |
| 2 | LESS 5.0 % DUE TO WORK DONE BY DEPARTMENT | | | 1.31 |
| | **TOTAL** | | | **24.96** |
| 3 | ADD 10% FOR CENTAGE CHARGES | | | 2.50 |
| | **TOTAL** | | | **27.46** |
| 4 | ADD 1% FOR LABOUR CESS | 1% On Rs. | 24.96 | 0.25 |
| 5 | ADD 18% FOR G.S.T. | 18% On Rs. | 27.46 | 4.94 |
| | **G. TOTAL** | | | **32.65** |

1– प्रश्नगत धनराशि का उपयोग उसी कार्य/मद में किया जाएगा। जिस कार्य/मद के लिये धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

2– स्वीकृत निर्माण कार्यो की तकनीकी स्वीकृति (Technical Sanction) प्राप्त होने के उपरान्त की धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

3– कार्य अनुमोदित लागत में ही यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में योजना को कोई भी पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा।

4– निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये पारदर्शिता के अनुसार ही कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।

5– कार्य पूर्ण होने के उपरान्त उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

Bmisha

(डॉ. भावना मिश्रा)
कुलसचिव।

Add : Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow – 226013 U.P. (India) | Contact :- 0522-2774041-45
Website : https://kmclu.ac.in/ Email : - reg@kmclu.ac.in

Bmisha
REGISTRAR
KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI
LANGUAGE UNIVERSITY,
LUCKNOW

Scanned with CamScanner

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

संख्या : 420 / भाविवि / विअका / 2023 / 752 / 22
दिनांक : 28 फरवरी, 2023

सेवा में,

**कुलसचिव,**
ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः **विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन में एक अदद् लिफ्ट की स्थापना हेतु प्रेषित आगणन के अनुसार 70 प्रतिशत धनराशि किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि अपर परियोजना प्रबन्धक (विद्युत), उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, इकाई–18(वि0), ए–799, सेक्टर–ए, नीलगिरी काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर, लखनऊ ने पत्र संख्या–154 / ई–12 / अ0प0प्र0 / इकाई–18(वि0) / ख्वाजा भाषा विश्ववि0 / रानिनि / 23, दिनांक 23–02–2023 द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन में एक अदद् लिफ्ट की स्थापना हेतु प्रेषित आगणन के अनुसार **स्वीकृत धनराशि रू0 36.10 लाख** के सापेक्ष 70 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया था।

अवगत कराना है कि माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन दिनांक 25–02–2023 के क्रम में स्वीकृत धनराशि **रू0 36.10 लाख** के सापेक्ष 70 प्रतिशत धनराशि पर टी0डी0एस0 एवं जी0एस0टी0 की कटौती करते हुए धनराशि **रू0 23,82,600/–(रूपया तेईस लाख बयासी हजार छः सौ मात्र)** चेक संख्या–000051, दिनांक 27–02–2023 द्वारा उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 के पक्ष में अग्रिम के रूप में निर्गत कर दिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| क्रम | विवरण | धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावानुसार स्वीकृत धनराशि | 36,10,000.00 |
| | भुगतान की धनराशि (70 प्रतिशत) | 25,27,000.00 |
| | ( - ) 2% TDS on Rs. 36,10,000.00 | 72,200.00 |
| | ( - ) 2% GST TDS on Rs. 36,10,000.00 | 72,200.00 |
| | **देय धनराशि** | **23,82,600.00** |

सूच्य है कि उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन में एक अदद् लिफ्ट की स्थापना हेतु का कार्य पूर्ण कराने के उपरान्त स्वीकृत धनराशि रू0 36.10 लाख का मूल बिल/उपभोग प्रमाण–पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराने के पश्चात् ही अवशेष 30 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी।

कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी सम्बन्धित संस्था को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( प्रवीण कुमार त्रिपाठी )**
**वित्त अधिकारी।**

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अपर परियोजना प्रबन्धक (विद्युत), उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ।
3. गार्ड फाइल।

**वित्त अधिकारी**

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow-226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-46, Fax-0522-2774046
Website:- https://kmclu.ac.in/ Email:- upuafulucknow@gmail.com

REGISTRAR
KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI
LANGUAGE UNIVERSITY,
LUCKNOW